ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-10-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-10-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-10-14	2023-10-15	2023-10-16	2023-10-17	2023-10-18
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	3.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	35.0	34.0	34.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	23.0	24.0	24.0	23.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	44	39	59	59	59
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	20	22	26	35	24
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	19	23	20	12	9
पवन दिशा (डिग्री)	231	221	219	223	65
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	7	5	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

17 और 18 अक्टूबर को हल्की वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई चने, सरसों की बुवाई हेतु जुताई कर खेत तैयार करें, खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को देखतें हुएं कटाई की हुइ फसल को ढेर बनाकर तिरपाल से ढक कर रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की बुवाई का उपयुक्त समय सिंचित क्षेत्रों में 25 अक्टूबर तक है अतः चने की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।
चना	किसान भाई चने की बुवाई हेतु उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी 44, जी.एन.जी 663 वरदान, जी.एन.जी 2144 तीज, जी.एन.जी 2171 मीरा, जी.एन.जी 1488 संगम एंव आर.एस.जी 896 की व्यवस्था करें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की बुवाई का उपयुक्त समय सिंचित क्षेत्रों में 25 अक्टूबर तक है अतः सरसों की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।
सरसों	किसान भाई सरसों/राया की बुवाई हेतु उन्नत किस्मों जैसे आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 की व्यवस्था करें। बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।
सरसों	सरसों (रायड़ा) में अंतिम जुताई के समय 30 किलोग्राम नत्रजन (65 किलोग्राम यूरिया) तथा 35 किलोग्राम फॉस्फोरस (200 किलोग्राम एस.एस.पी.) प्रति हैक्टेयर की दर से 07 से 08 सेंटीमीटर गहराई में दे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में गलघोंटू (H.S) व ठप्पा रोग (B.Q) के फैलने की संभावना अत्यधिक रहती है। अतः समय रहते इनके टीके अवश्य लगवाएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	रबी फसलों में दीमक व अन्य कीडो की रोकथाम के लिए बुवाई से पूर्व अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर खेत में डालें।
सामान्य सलाह	चारे वाली फसलें जैसे रिजका, बरसीम व जई की बुवाई के लिए खेत तैयार करें। जावी-8, ओ.एल-9, ओ.एल-529 व केन्ट, डी.एफ.ओ-57 जई की उन्नत किस्में हैं। आन्नद-2, एल.एल.सी-3, टाईप-9 व सिरसा-8 रिजका की उन्नत किस्में है। मसकावी व वरदान बरसीम की उन्नत किस्में है।